आइआइएफएल की वित्तीय साक्षरता यात्रा

जयपुर. गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी आइआइएफएल फाइनेंस ने आइआइएफएल फाउंडेशन के साथ मिलकर वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए राजस्थान के 37 शहरों में 7400 किलोमीटर का सफर तय किया और 200 से अधिक जगहों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसमें मुश्किल दौर से गुजर रहे एक मध्यमवर्गीय परिवार की कहानी बताई गई और यह बताया गया कि मुश्किल समय के लिए धन को बचाना कितना जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि आत्मनिर्भर होने के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता जरूरी है। आइआइएफएल फाउंडेशन की सीईओ डॉ. सारिका कुलकर्णी ने यह जानकारी दी।